# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-267 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 17 जून, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## एसपी के नाम पर 5 लाख की मंथली बढ़ाकर 10 लाख मांग रहे थे, 16 घंटे से 2 सीआई और 2 कांस्टेबल से पूछताछ, घरों पर भी तलाशी

**डूंगरपुर।** शराब ठेकेदारों से 8 लाख 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए 2 सीआई और 2 कांस्टेबल से 16 घंटे से पूछताछ चल रही है। एसपी के नाम पर ये मंथली ली जा रही थी। ऐसे में एसीबी एसपी की भूमिका भी संदिग्ध मान रही है, लेकिन इस बारे में अभी तक एसीबी की ओर से कोई खुलासा नहीं किया गया है और न ही एसपी से कोई पूछताछ की गई है। जयपुर एसीबी के एडिशनल एसपी बजरंग सिंह शेखावत, अजमेर एसीबी के डीएसपी की ओर से कार्रवाई करते हुए कोतवाली सीआई दिलीपदान, धंबोला सीआई भैयालाल आंजना, कोतवाली थाने के कांस्टेबल रीडर भोपाल सिंह और कांस्टेबल आसूचना अधिकारी जगदीश विश्नोई को 3 लाख 30 हजार का कैश रिश्वत में लेते गिरफ्तार किया। जबकि रिश्वत में लिए 5 लाख रुपए कोतवाली थाने में रीडर भोपाल सिंह की अलमारी से मिले। रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद से एसीबी की टीम दोनों सीआई और कांस्टेबल से पूछताछ कर रही है। रात साढ़े 11 बजे तक कोतवाली थाने में पूछताछ चलती रही। इसके बाद एसीबी की टीम चारो को लेकर सदर थाने गई। जहा दोनो ही सीआई और कांस्टेबल को सदर थाने में ही रखा गया। शुक्रवार सुबह होते ही सदर सीआई के चैंबर में फिर से पूछताछ शुरू हुई। एसीबी डीएसपी की ओर से उनसे पूछताछ की जा रही है। एसीबी के अधिकारी कई तरह के सवाल पूछ रहे है, जिसमे रिश्वत की ये राशि कब से ले रहे थे, कितनी राशि मंथली ली जा रही थी और ये राशि कितने लोगो में बंटती है ऐसे कई सवाल दोनों सीआई और जवानों से पूछे। हालाकि बताया जा रहा है शहर की 7 शराब की दुकानों से हर महीने 80 हजार की मंथली बंधी हुई थी। इसी बंधी को लेने गए कांस्टेबल जगदीश विश्नोई पकड़े गए। वहीं शराब ठेकेदार नरेंद्रसिंह के केस में जमानत में ज्यादा अड़ंगा नही लगाने 5 लाख रुपए सीआई दिलीपदान पहले ही ले चुके थे। इसके अलावा धंबोला में चंदूलाल फौजी के केस में 2 लाख 50 हजार की रिश्वत लेते कांस्टेबल भोपालसिह को पकड़ा। दोनो कांस्टेबल ने ये रिश्वत सीआई के लिए लेना बता दिया और फिर एसीबी ने उन्हें पकड़ा।

### एसपी का मोबाइल फोन जब्त करने की चलती रही अफवाहें, एसीबी ने नहीं की पुष्टि

एसपी के नाम पर मंथली बढ़ाने और रिश्वत लेते 2 सीआई और कांस्टेबल के पकड़े जाने के बाद मामले में एसीबी भी एसपी की भूमिका की जांच कर रही है। लेकिन इस बारे में अभी तक एसीबी की ओर से कोई खुलासा नहीं हुआ है और न ही एसीबी ने कोई पूछताछ एसपी से की है। वही शुक्रवार को एसीबी की ओर से जांच के लिए एसपी का मोबाइल जब्त करने की अफवाहें भी चलती रही। हालाकि एसीबी के किसी भी अधिकारी की ओर से इस बारे में पुष्टि नहीं की गई है।

### दोनो सीआई ओर कांस्टेबल के घरों पर भी तलाशी, जमीन के दस्तावेज मिले

रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद एसीबी की अलग अलग टीमें सीआई दिलीपदान, सीआई भैयालाल आंजना, कांस्टेबल भोपालसिंह और जगदीश विश्नोई के घरों पर भी तलाशी ली। सीआई दिलीपदान के उदयपुर में आलीशान घर बन रहा है तो वही सीआई भैयालाल के भी करोड़ो का आलीशान घर बना हुआ ही। वही उनके डूंगरपुर में क्वार्टर की भी तलाशी में जमीन संबंधी कुछ दस्तावेज का पता चला है, लेकिन एसीबी की ओर से इस बारे में भी कोई खुलासा नहीं किया गया है।

## डूंगरपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से की जा रही पूछताछ का डूंगरपुर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है। आज पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि साल 2015 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार थी तब ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले को निरस्त करते हुए फाइल बंद कर दी थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक द्वेषता के कारण ईडी पर दबाव बनाकर फाइल वापस खुलवाई और अब पूछताछ के नाम पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ताराचंद भगोरा ने कहा कि मोदी सरकार धर्म के नाम पर राजनीति करती है वही देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर उनका कोई ध्यान नहीं है।

भगोरा ने कहा कि जनता से जुड़े हर मुद्दे पर मोदी सरकार फेल है और भारत को परतंत्र बनाने की साजिश चल रही है। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम कार्यवाहक कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

## दिवड़ा बड़ा में बाल विवाह होने से रूकवाया

### सागवाड़ा तहसीलदार ने नाबालिग लड़की के पिता को किया पाबंद

**सागवाड़ा।** दिवड़ा बड़ा पंचायत में एक 15 साल की नाबालिग लड़की के विवाह को प्रशासन की जागरूक से रोक जा सका। सागवाड़ा तहसीलदार मयूर शर्मा ने नाबालिग लड़की के पिता को पाबंद करते हुए लड़की के बालिग न हो तक उसका विवाह नहीं करने की हिदायत दी है। चितरी थाना क्षेत्र के दिवडा बडा गांव में शुक्रवार सुबह एक बार विवाह होने की शिकायत प्रशासन को मिली थी। इसकी सूचना चितरी थानाधिकारी और पटवारी को दी गई। हैड कांस्टेबल पंकज कुमार और पटवारी धर्मेंद्र निरज मौके पर पहुंचे। लड़की के जन्म संबंधी विद्यालय की अंकतालिका की कॉपी मंगवाकर जांच की गई तो लड़की की उम्र 15 वर्ष है जो कि नाबालिक है। जिसकी शादी 17 जून को होने जा रही है। जहां पर ग्राम पंचायत ग्रामीणों की मौजूदगी में पिता को नोटिस दिया जाकर बाल विवाह नही करवाने पाबंद किया गया।

## गायत्री महिला मंडल खड़गदा के 20 साल पूरे होने पर पांच कुंडिय गायत्री यज्ञ हुआ

**सागवाड़ा।** गायत्री महिला मंडल खड़गदा के 20 साल पूरे होने पर शुक्रवार को औदिच्य समाज खड़गदा के नोहरे में पांच कुंडिय गायत्री यज्ञ किया गया?। गायत्री शक्ती सागवाड़ा की राजकुमारी दीदी, हरिमुख भट्ट, मयंक जोशी, चेतना जोशी, मृदुल जोशी ने यज्ञ में सहयोग किया। मयंक जोशी ने बताया कि गायत्री यज्ञ में गायत्री मंत्र, विशेष मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां दी गई। रेखा भट्ट ने बताया कि गायत्री महिला मंडल पिछले 20 साल से धार्मिक कार्यक्रम और अनुष्ठान कर घर घर घर्म की अलख जगाने के



काम में जुटा हुआ है।

शुक्रवार को 20 साल पूरे होने पर पांच कुंडिय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में मां गायत्री की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। शारदा ईश्वरलाल भट्ट, पदमा धर्मेंद्र भट्ट, हंसा राजेश पुरोहित, स्फूर्ति हितेश पुरोहित, शीतल प्रदीप जोशी ने यज्ञ कुंड में आहुतियां दी। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष निरज जोशी, उप सरपंच अनिल पुरोहित, ईश्वर भट्ट, नरहरी भट्ट, उमेश भट्ट मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने पुलिस पर परेशान करने के आरोप लगाते हुए कल सुबह से दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया

डूंगरपुर। डूंगरपुर शहर में कल हुई चार पुलिसकर्मियों की एसीबी ट्रैक की कार्रवाई ट्रैप के बाद व्यापारी भी संगठित हो गए हैं। आज चेंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष के के गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारियों की परेशानी को लेकर चर्चा हुई। व्यापारियों ने पुलिस पर परेशान करने के आरोप लगाते हुए कल सुबह से दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। साथ ही व्यापारियों ने यह भी निर्णय लिया कि यदि ट्रैप किए गए पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कारवाई नहीं होती है तो अनिश्चितकाल के लिए बाजार बंद किया जाएगा जिसकी जिमेदारी सरकार की रहेगी। व्यापारियों ने कहा की दुकान के आगे कोई ग्राहक गाड़ी खड़ी कर दे तो उसे परेशान करते है। शहर में आने जाने के सारे रास्तों पर परेशान करते ही ऐसे में ग्राहकी टूट गई हैं। व्यापारियों का काफी नुकसान हो रहा है और ग्राहक नही आने से स्टोक भी खराब हो रहा है। वही जो व्यापारी थोड़ा ठीक से काम कर रहे हैं उनसे पुलिस वसूली कर रही हैं ऐसे में अब व्यापारी चुप नही बैठेगा। बैठक को चैंबर महामंत्री प्रभु पटेल सहित व्यापारी नेताओ ने सम्बोधित किया।

## आइएएस नन्नूमल और आरएएस सांखला भ्रष्टता प्रमाणित

**जयपुर।** घूसकांड में गिरफ्तार पूर्व अलवर जिला कलक्टर एवं आइएएस नन्नूमल पहाड़िया, सेटलमेंट ऑफिसर आरएएस अशोक सांखला और दलाल नितिन शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को विशिष्ट न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) अलवर में 4500 पन्नों की चार्जशीट पेश कर दी। 54 दिन की जांच के बाद पेश की गई चार्जशीट में एसीबी ने तीनों के खिलाफ आरोप प्रमाणित माना है। एसीबी जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि अलवर एसीबी टीम ने 23 अप्रेल को पूर्व अलवर जिला कलक्टर एवं आइएएस नन्नूमल पहाड़िया, सेटलमेंट ऑफिसर आरएएस अशोक सांखला और उनके दलाल नितिन शर्मा को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आइएएस पहाड़िया और आरएएस सांखला ने यह रिश्वत राशि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रही फर्म के ठेकेदार से ली थी।

## एक अरब 38 करोड़ 35 लाख से सुधरेंगे राजस्थान थाने

**जयपुर।** प्रदेश के थानों में प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए एक अरब 38 करोड़ 35 लाख रुपए का बजट मंजूर किया गया है। राज्य सरकार ने बजट की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। इस घोषणा के तहत बीकानेर जिले के गजनेर थाने के नए भवन निर्माण के लिए तीन करोड़ 60 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

## 27 दिन पहले नाते आई नाबालिग फांसी के फंदे पर लटकी मिली, पिता ने कहा- मारपीट कर मारा, हत्या का केस दर्ज

**डूंगरपुर।** 27 दिन पहले एक युवक एक नाबालिग को नाता ब्याह कर घर लाया। इसके बाद ससुराल में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। इसे लेकर लड़की के पिता ने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

कुंआ थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की लक्ष्मण उर्फ कावा पुत्र हलू पारगी निवासी कोचरी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं। इसमें बताया है की उसकी नाबालिग बेटी रेखा (17) का जाति रिवाज से बापूलाल पुत्र शंकर भमात के साथ नाता ब्याह कर चली गई थी। इस बात को लेकर सामाजिक स्तर पर समझौता भी हुआ था। समझौते के बाद रेखा और बापुलाल पति पत्नी की तरह रह रहे थे। लेकिन कुछ दिन बाद ही बेटी रेखा ने फोन कर बताया की उसके ससुराल में पति बापुलाल, सास - ससुर, काका ससुर और कुटुंब के लोग दहेज की मांग को लेकर ताने मार रहे है। वही उसे परेशान किया जा रहा है। उस समय लक्ष्मण ने अपनी बेटी को समझाया की शादियां खत्म होने के बाद वह उसके ससुराल के लोगो को समझाने के लिए आने की बात कही। लेकिन 16 जून को बेटी रेखा की मौत की खबर आ गई। इस पर लक्ष्मण और परिवार के लोग मौके पर गए तो बेटी रेखा मरी हुई हालत में खाट पर पड़ी थी। उसके शरीर पर कई जगह चोंट के निशान थे। पिता लक्ष्मण ने बापुलाल पर परिवार वालो के साथ मिलकर हत्या का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## भ्रष्टाचारियों को बचाने में राजस्थान का पंचायती राज विभाग नंबर 1

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की सरकारी विभाग सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। सरकारी विभागों के भ्रष्ट अधिकारियों के लिए नया कानून (17 ए भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018) तो अभयदान बना है। साथ में आला अधिकारी भी भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में जुटे हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) नए कानून के तहत भ्रष्ट आचरण वाले अधिकारियों के खिलाफ पद के दुरुपयोग के मामलों में सीधी जांच नहीं कर सकता है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ जांच करने से पहले संबंधित विभागाध्यक्ष से अनुमति लेनी पड़ती है। प्रदेश में अनुमति नहीं देकर भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में अग्रणी विभागों में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग का नंबर पहले पायदान पर आता है। जबकि दूसरे नंबर पर स्वायत्त शासन विभाग और तीसरे नंबर पर नगरीय विकास एवं आवासन विभाग है। एसीबी ने 33 सरकारी विभागों से 315 प्रकरणों में जांच करने की अनुमति मांगी है, जिसमें मात्र 47 प्रकरणों में जांच करने की अनुमति मिली है। जबकि 268 प्रकरणों में किसी विभाग ने तीन माह से तो किसी ने एक वर्ष से अधिक समय से जांच करने की अनुमति नहीं दी है।

## जांच एजेंसियां केंद्र सरकार की जेब में: धारीवाल

**कोटा।** ईडी की राहुल गांधी से की जा रही पूछताछ का विरोध लगातार कांग्रेस की ओर से किया जा रहा है। कांग्रेस भाजपा सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है। शुक्रवार शाम को कोटा में भी यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर बीजेपी कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

### मैं 50 साल से राजनीति कर रहा हूं, कल के लोग क्या डराएंगे-धमकाएंगे

## मेरे विरोध का बदला भाई से ले रहे?: अशोक गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के यहां CBI छापा पड़ने पर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा- मैंने तो उल्टा CBI, ED और इनकम टैक्स प्रमुखों से 13 जून को मिलने का टाइम मांगा था। 15 जून को मुकदमा दर्ज हो गया और 17 जून को रेड हो गई। क्या अप्रोच है? यह समझ से परे है। सियासी संकट के समय भी ED की रेड हुई थी। मेरे भाई पिछले 40-45 साल से अपना काम करते हैं। हमारे परिवार में कभी सिस्टम रहा नहीं। मैंने राजनीति में इतना इंवोल्वमेंट रखा



कि परिवार में शादी होती है तो भी एक वर्कर की तरह जाता हूं। गहलोत दिल्ली में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- मैं राहुल गांधी से ED पूछताछ के विरोध में प्रदर्शन में शामिल होता हूं, तो इसका बदला मेरे भाई से क्यों लिया जा रहा है? उनका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। उनके परिवार का कोई सदस्य राजनीति में नहीं है। यह समझ से परे है कि पहले ED और अब CBI उनके यहां पहुंच गई। इसे आम जनता भी लाइक नहीं करती। जितने ज्यादा लोगों को तंग करेंगे, उतना ज्यादा बैकलेश इनके लिए होगा। सीएम ने कहा- पीएम के भाई को कोई नहीं जानता उसी तरह मेरे भाई को नहीं जानते थे। परिवार के सदस्यों का क्या कसूर है? कोई राजनीति में भाग ले रहा है तो उसके परिवार पर सरकार का हमला, दबाव उचित नहीं कहा जा सकता। इससे हम घबराने वाले नहीं हैं। मैं आज आया हूं, संडे को दिल्ली जाऊंगा। मंडे को वापस मूवमेंट में भाग लूंगा। आप सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर अत्याचार कर रहे हो। नेशनल हेराल्ड अखबार चलाने वाली कंपनी नोन प्रोफिट कंपनी है। आप एक रुपए का प्रोफिट ले नहीं सकते, तो मनी लॉन्ड्रिग कैसे हो गई? भाई के बहाने खुद पर दबाव बनाने के सवाल पर गहलोत ने कहा- 50 साल से मैं राजनीति कर रहा हूं, क्या तो डराएंगे-धमकाएंगे, जो कल राजनीति में आए हैं।

## राजनीतिक प्रतिशोध की ऐसी कार्यवाहियों से पाकिस्तान जैसे हालात बन जाएंगे:डोटासरा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बड़े भाई अग्रसेन गहलोत के जोधपुर आवास पर सीबीआई की छापेमारी पर सियासत गरमा गई है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा दे केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहां है कि सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर केंद्र सरकार अपना राजनीतिक प्रतिशोध पूरा करने के लिए देश में पाकिस्तान जैसे हालात बनाना चाहती है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राहुल गांधी के समर्थन में दिल्ली में लगे हुए थे इसलिए यह कार्यवाही जानबूझकर कराई गई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए डोटासरा ने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री बनने से पूर्व सभी वर्गों से बड़े-बड़े वादे किए थे। अच्छे दिनों का वादा किया था। अब किसानों के हितों पर कुठाराघात हो रहा है। अग्निपथ योजना को लाकर तो सारी हदें पार कर गए।



सेना के साथ बहुत बड़ा धोखा है। केंद्र सरकार में 62.29 लाख पद रिक्त पड़े हैं। आज पूरे देश में आग लगी हुई है। जिन युवाओं और किसानों के वोट से प्रधानमंत्री बने। अब उन्हें बख्शा नहीं जा रहा। संसद के अंदर अग्निपथ योजना की इसकी चर्चा क्यों नहीं की गई टारगेट कर ईडी के नोटिस दिलवाए जा रहे हैं।केंद्र सरकार का यही काम रह गया है। देश में युवा आक्रोशित है। युवाओं से हिंसा में शामिल नहीं होने की अपील है। राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दिल्ली में थे।

### प्रेशर में काम कर रही हैं केंद्रीय एजेंसियां

## जो केन्द्र का विरोध करेगा, उसकी आवाज कुचल देंगे: पायलट

**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी से लगातार इतने घंटे की पूछताछ के बाद ED ने सोमवार को उन्हें दोबारा बुलाया है। कांग्रेस पार्टी और हमारे नेतृत्व के पास छिपाने को कुछ नहीं है। इस केस में ना तो FIR हुई, ना कोई आरोप लगा, ना कोई धोखाधड़ी कर है। लेकिन 7 साल पुराने केस को खंगालकर सिर्फ संकेत देना चाहते हैं जो भाजपा का विरोध करेगा और केन्द्र सरकार का विरोध करेगा, उसकी आवाज को मसल देंगे । उसकी आवाज को कुचल देंगे। पायलट बोले - भारत सरकार की दमनकारी नीतियों का अनावश्यक दबाव और राजनीतिक प्रेशर एजेंसियों पर है। जो सबको दिख रहा है। ED ने द्वेषपूर्ण भावना के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को फंसाने का ठान लिया है। आज CBI ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भाई के यहां रेड मारी है। वो इस बात का प्रतीक है कि तमाम एजेंसियां-CBI, ED, इमकम टैक्स राजनीतिक दबाव में काम कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी का विरोध इन संस्थाओं का राजनीतिकरण करने के खिलाफ है। केन्द्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं और केन्द्रीय एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए जयपुर शहर कांग्रेस ने आज कलेक्ट्रेट पर पीएम का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल सचिन पायलट ने कहा आज 33 जिलों में कार्यक्रम हो रहे हैं। अगले हफ्ते सोमवार-मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर भी विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम हम करेंगे। लेकिन हम चाहेंगे कि देश में हमारे नेता एकजुट रहें और हम अन्याय के खिलाफ इस संघर्ष को जारी रखें। पायलट ने अग्निपथ स्कीम में 4 साल के लिए अग्निवीरों की भर्ती पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा- हम कई बार कह चुके हैं जो व्यक्ति फौज में जाता है। वो नाम, नमक और निशान के ऊपर लड़ाई लड़ता है। दुश्मन के सामने गोली खाता है। लेकिन अपने साथियों के साथ डटा रहता है। वो जज्बात पैदा करने के लिए समय चाहिए होता है। ये अल्पकालीन नौकरी देकर 3 लाख यानी 75 परसेंट लोगों को दोबारा सड़कों पर आने के काम का हम विरोध करते हैं।